समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# शुरुआती बढ़त के बाद शेयर बाजार मे गिरावट, 220 अंक गिरा सेसेंक्स, निफ्टी भी आया 24400 के नीचे।

Publisher
Published on 06 May 2025



**भारतीय शेयर बाजार मे मंगलवार 6 मई को लगातार दूसरे दिन भी तेजी देखी जा रही है. सेसेंक्स करीब 100 अंक ऊपर चढ़ा है जबकि शुरुआती कारोबार मे निफ्टी 24,500 के पार है.**

ग्लोबल मार्केट में मिलेजुले संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार 6 मई को शुरुआती बढ़ते के बाद गिरावट देखने को मिला है. सुबह करीब साढ़े नौ बजे सेंसेक्स करीब 150 अंक ऊपर चढ़ा है और 80785.58 के स्तर पर कारोबार कर रहा था. वहीं शुरुआती कारोबार में निफ्टी 22 प्वाइंट की तेजी के साथ 24,500 के पार पहुंच गया था. उसके बाद करीब साढ़े दस बजे सेंसेक्स 220 अंक नीचे चला गया जबकि निफ्टी भी 24,400 के कारोबार कर रहा है. इधर, यस बैंक के शेयर में करीब 8 प्रतिशत की उछाल आया है. हालांकि, फार्मा के शेयरों में गिरावट देखी जा रही है.

एक दिन पहले सोमवार को बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 294.85 अंक यानी 0.37 प्रतिशत चढ़कर 80,796.84 अंक पर बंद हुआ. ये चार महीनों से अधिक समय का इसका उच्चतम बंद स्तर है. कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 547.04 अंक बढ़कर 81,049.03 अंक पर पहुंच गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 114.45 अंक यानी 0.47 प्रतिशत बढ़कर 24,461.15 अंक पर पहुंच गया.

एक दिन पहले रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ शेयर बाजार
निफ्टी के लिए भी ये साल 2025 का अब तक का सबसे ऊंचा बंद स्तर है. सेंसेक्स की कंपनियों में से अडानी पोर्ट्स के शेयर में सर्वाधिक 6.29% की तेजी देखी गई. ये तेजी रिश्वतखोरी की जांच में आपराधिक आरोपों को खारिज करने की मांग करने के लिए अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों से गौतम अडानी के प्रतिनिधियों के मिलने की खबरों के बीच आई.

अडानी समूह की अन्य सभी सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए. सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), पावर ग्रिड, आईटीसी, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी लाभ में रहीं. दूसरी तरफ, कोटक महिंद्रा बैंक में 4.57 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई.

निजी क्षेत्र के इस बैंक का फाइनेंशियल ईयर 2024-25 की मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 7.57 प्रतिशत गिर गया है. इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, टाइटन और इंडसइंड बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए. शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 2,769.81 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.